# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.10.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली के यशोभूमि में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के नौवें संस्करण का उद्घाटन करेंगे।
- विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्य जयशंकर ने एआई के उपयोग में संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया।
- सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में सरदार @150 एकता मार्च का आयोजन किया जा रहा है।
- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की ओर से आज एक वन्यजीव जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली के यशोभूमि में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के नौवें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। यह एशिया के सबसे बड़े प्रौद्योगिकी और नवाचार आयोजनों में से एक है। चार दिवसीय इस आयोजन में दूरसंचार और उभरती प्रौद्योगिकियों में नवीनतम प्रगति प्रदर्शित की जाएगी। इस आयोजन में डेढ़ लाख से अधिक लोगों के आने की संभावना है, सात हज़ार से अधिक वैश्विक प्रतिनिधि और चार सौ से अधिक कंपनियों के भाग लेने की उम्मीद है। जापान, कनाडा, ब्रिटेन, रूस, आयरलैंड और ऑस्ट्रिया के प्रतिनिधिमंडल भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह आयोजन ऑप्टिकल संचार, दूरसंचार में सेमीकंडक्टर, क्वांटम संचार और सिक्स–जी जैसे प्रमुख विषयों पर केंद्रित होगा। इंडिया मोबाइल कांग्रेस

का आयोजन दूरसंचार विभाग और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस कार्यक्रम का विषय है – नवाचार से रूपांतरण।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव बाईस सितंबर से शुरू हुआ यह समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है।

<><><><><><><>

विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर ने कहा है कि जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कार्यान्वयन के लिए विश्वास और सुरक्षा जरूरी है। नई दिल्ली में आज ट्रस्ट एंड सेफ्टी फेस्टिवल इंडिया को संबोधित करते हुए डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि आने वाले वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से अर्थव्यवस्थाएं बदलेंगी, आदतों में परिवर्तन आयेगा, नये स्वास्थ्य समाधान निकलेंगे और शिक्षा तक अधिक पहुंच हो सकेगी। उन्होंने कहा कि जीवन शैली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के शामिल होने से दुनिया के हर कोने में प्रत्येक नागरिक पर इसका असर होगा। डॉक्टर जयशंकर ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रबंधन के लिए संतुलित दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ये सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस तकनीक को अपनाने वालों के लिए प्रभावी सुरक्षा उपाय उपलब्ध हों।

<><><><><><><>

सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में सरदार @150 एकता मार्च अभियान का आयोजन किया जा रहा है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ मनसुख मान्डविया ने कल नई दिल्ली में इसका शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य पूरे देश में एकता और देशभक्ति की भावना जागृत करना है।

पहले चरण के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं और डिजीटल गतिविधियां, माय भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित की जाएंगी। दूसरे चरण के तहत द्वीपसमूह के तीनों जिलों में इक्कतीस अक्टूबर से सोलह नवम्बर तक आठ से दस किलोमीटर की पद यात्राएं आयोजित होंगी। स्कूल और कॉलेज के छात्रों, गैर सरकारी संगठनों, स्वयं सेवी संगठनों को इस मार्च में भाग लेने के लिए आमंतित्र किया गया है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा ऋण एवं अग्रिमों की वसूली की स्थिति की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंक के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ने बताया कि अप्रैल 2025 से अब तक एन पी ए खातों से सताईस दशमलव सोलह करोड़ रुपये की राशि वसूली जा चुकी है। मुख्य सचिव ने बैंक को एनपीए खाताधारकों से ऋण वसूली के प्रयासों को और तेज करने की सलाह दी ताकि एनपीए प्रतिशत को निर्धारित मानदंडों के भीतर लाया जा सके।

<><><><><><>

वन्यजीव सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की ओर से आज एक वन्यजीव जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सेल्युलर जेल से शुरू हुई और भारतीय प्राणी सर्वेक्षण परिसर में पहुंचकर सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि, मुख्य वन संरक्षक, डॉ. एस. दिनेश कन्नन ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। पशु संरक्षण और मानव–वन्यजीव सह–अस्तित्व पर प्रभावशाली संदेशों के बैनर और पोस्टर लेकर सौ से अधिक प्रतिभागियों ने रैली में भाग लिया।

<><><><><><>

कैम्पबेल बे में सहायक आयुक्त कार्यालय के सामने आज आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। उनकी मुख्य मांगों में सात महीने से वेतन न मिलना और उनकी यूनिफोर्म का इन्सेन्टिव न मिलना था। सहायक आयुक्त डॉ केशव नरेन्द्र सिंह ने आशा कार्यकर्ताओं की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

अंडमान लोक निर्माण विभाग बारह अक्टूबर को अपना अड़सठवां स्थापना दिवस मनाएगा। इस उपलक्ष्य में विभाग ने कल स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से मुख्य अभियंता कार्यालय में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन विभाग के मुख्य अभियंता टी.के. प्रीजित रेख ने किया। इस अवसर पर ए पी डब्ल्यू डी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के अंतर्गत, डिगलीपुर के ब्लॉक परियोजना कार्यालय ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय लामिया बे में 'विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस' के अवसर पर कल एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माता–पिता, शिक्षकों, छात्रों, एस एम सी सदस्यों और अन्य हितधारकों के बीच सेरेब्रल पाल्सी की शीघ्र पहचान और हस्तक्षेप के बारे में जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम तीन सत्रों में आयोजित किया गया। स्रोत विशेषज्ञ एन. रिया नंदन, विशेष शिक्षक विश्वजीत दास और बी आर पी राखी कबीराज ने उपस्थित लोगों को इस दिवस के महत्व और इससे संबंधित पहलुओं के बारे में बताया। यह पहल विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम में बतीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

ब्रिचगंज स्थित चिन्थे लॉन्ग रेंज में कल और तेरह अक्टूबर को सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। स्थानीय लोगों, वाहनों और पशुओं को इस दौरान क्षेत्र में प्रवेश न करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>